
डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण








दैनिक

पटना, 08 मई, सोमवार, 2023



चार साल से कर्नाटक में बीजेपी की सरकार है। ये सरकार चोरी से बनी है और चोरी करती है। आईएएस बनना है पैसे दो, असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट इंजीनियर बनना है पैसे दो। सीएम की पोस्ट 2,500 करोड़ में खरीदी जा सकती है, अब उधर पोस्ट खरीदने के लिए लाइन लगी है।

कर्नाटक के शिवाजीनगर में

## राहुल गांधी

# कांग्रेस ही बजरंग दल को रोक सकती है और रोकेगी भी: अखिलेश सिंह



**पटना।कांग्रेस दर्पण**

**पटना ।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी और बजरंग दल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा बेहद शातिराना तरीके से बजरंग दल को बजरंगबली से जोड़ रही है और महाबली हनुमान का घोर अपमान कर रही है। बजरंग दल गलत हरकत के लिए जाना जाता है इसलिए उस पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है, और केवल कांग्रेस ही बजरंग दल को रोक सकती है और रोकेगी भी। सरदार पटेल 1948 में आर.एस.एस पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। डा0 सिंह आज पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित कांग्रेस सेवादल के संस्थापक स्व0 एन.एस.हार्डिकर की 134 वीं जयंती कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन कांग्रेस सेवादल के लिए एतिहासिक गौरव का दिन है क्योंकि आज



कांग्रेस सेवादल के संस्थापक एन0 एस0 हार्डिकर साहव की जयंती है। आज ही के दिन सन 1923 में उन्होंने कांग्रेस सेवादल की स्थापना की थी। सेवादल का क्या महत्व है इसका एहसास इस बात से होती है कि महान स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री जवाहर लाल नेहरू को इसका अध्यक्ष बनाया गया। सेवादल निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है जिसके सदस्य खामोशी से तप, त्याग और वलिदान की गाथा लिखते रहे हैं। उनकी तपस्या हमारी पूंजी है। जयंती कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृपानाथ पाठक विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल बिहार के प्रभारी अफरोज खान, मुख्य संगठक डॉ संजय यादव, सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष आदित्य कुमार पासवान, नारायण कुमार, देवराज सुमन एवं विपिन झा उपस्थित थे।





# कर्नाटका की सड़कों पर उमड़े इस जनसैलाब का संदेश साफ है: प्रियंका

## 40% कमीशन इखढ सरकारा को कर्नाटका की जनता नकार रही है कर्नाटका की जनता को कांग्रेस की गारंटी पर पूरा भरोसा है कर्नाटका के विकास और प्रदेश के मजबूत भविष्य के लिए जनता पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है।







# राष्ट्रीय महिला पहलवानों के समर्थन में बीहट बाजार में कैंडिल मार्च का आयोजन

पटना। कांग्रेस दर्पण




पिछले दो सप्ताह से ज्यादा समय से दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना पर बैठे राष्ट्रीय महिला पहलवानों के समर्थन में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास के निर्देशानुसार शनिवार की संध्या को तेघरा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष इंजीनियर गौरव के नेतृत्व में बीहट बाजार में कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडिल मार्च बीहट बाजार अवस्थित बीचली दुर्गा स्थान से प्रारंभ होकर राजधानी चौक से बीहट चांदनी चौक एन.एच. 31 अवस्थित शहीद रामानुग्रह सिंह द्वार के रास्ते होते हुए महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के प्रांगण में समाप्त हुई। इस अवसर पर इंजीनियर गौरव ने कहा की भारतीय पहलवानों के ऊपर दिल्ली पुलिस द्वारा किये गए बर्बरतापूर्ण कार्रवाई अत्यंत दुखद है! आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि वे भारतीय पहलवान जिन्होंने भारत मां का मान पूरे विश्व में बढ़ाकर हम सब का सर गर्व से उंचा किया, उन्हें आज दिल्ली पुलिस सड़कों पर पीट कर भारत का नाम बदनाम कर रही है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा की हम युवा कांग्रेसी महिला पहलवानों के साथ हैं और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार रहेंगे। प्रदेश प्रतिनिधि संजय सिंह ने कहा की कांग्रेस पार्टी सदैव बेटियों का सम्मान करते रही है वहीं भाजपा लगातार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का झूठा नारा सिर्फ वोट के लिए देती है। जिला उपाध्यक्ष चुनचुन राय ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने गौरव को सहेजने का काम किया है और इन बेटियों ने भारत का नाम सम्पूर्ण विश्व में गौरवान्वित किया है। मोहित सिंह ने कहा की कांग्रेस पार्टी पहले गोरों से लड़ी थी और अब बृजभूषण जैसे हिस्ट्रीशीटर से लड़ने का काम कर रही है। सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष कुशमेश कुमार ने कहा की ये महिला पहलवान राष्ट्र की बेटी है और राष्ट्र का सम्मान है इसलिए आज जरूरत है की हम अपने इस बेटी के समर्थन में आगे आकर इनके साथ खड़े हों। इस कैंडिल मार्च में जिला महासचिव बद्री सिंह, प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, नगर अध्यक्ष पवन कुमार, मुकेश कुमार मेंडिस, राजेश कुमार, आयुष कुमार, हर्ष कुमार, आदित्य कुमार, अनुराग कुमार, खेल महासंघ महासचिव श्यामनन्दन सिंह पन्नालाल, दीपक कुमार, अंकित कुमार, रंजीत कुमार बबलू, रामसेवक सिंह, मोहित कुमार एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# धनबाद जिले में योजना की जानकारी नहीं दी जाती

पटना। कांग्रेस दर्पण



झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि धनबाद जिले में सरकार की ओर से जो भी योजना चलाई जा रही है उसकी सूचना जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष या जिला 20सूत्री के सदस्यों को देना जिला प्रशासन उचित नहीं समझती हैं हालांकि इस संबंध में उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को जानकारी भी दे दी गई है लेकिन उसके बावजूद भी कोई फर्क नहीं पड़ता है विकास का का म का आलम यह है कि धनबाद जिले में 20 सूत्री की मीटिंग पिछले 18 महीनों से नहीं हुई है और शायद ही कोई जिला 18 महीनों तक 20 सूत्री की मीटिंग नहीं कराई पिछले दिनों जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ने उपायुक्त को एक पत्र देकर कहा था कि यदि प्रभारी मंत्री को समय नहीं मिल पा रहा है तो उपाध्यक्ष के हैसियत से मीटिंग के लिए पत्र दी गई है इसकी सूचना झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी को और झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे जी को दे दी गई है अभी गर्मी शुरू हो गई है जिले में चापाकल की स्थिति 75 परसेंट खराब स्थिति में है मुंह सूख गया है कुछ ऐसी भी सूचना मिली है कि जिले में जो कुआं था उसको कुछ लोग भरा दिया है इन सब बातों की भी जांच होनी चाहिए

# लमगांव बाजार अतिक्रमण मामले पर प्रशासन व्यापार मंडल और जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर निकाले समाधान : राकेश राणा

पटना। कांग्रेस दर्पण



लमगांव बाजार अतिक्रमण मामले पर जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि प्रशासन जल्दबाजी में कोई निर्णय न ले प्रशासन को स्थानीय व्यापारियों व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर समाधान निकालना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तोड़ना किसी भी समस्या कासमाधान नही है हम राज्य सरकार से विगत 20 वर्षों से बाईपास मार्ग की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार के कान में जूं नहीं रेंगती। टिहरी बांध बनने के बाद प्रताप नगर क्षेत्र का लमगांव बाजार आर्थिक ,सामाजिक राजनीतिक और व्यापार का मुख्य केंद्र बना हुआ है प्रशासन को प्रभावित लोगों की बातें सुनकर उसका ठीक समाधान निकालना चाहिए।

लमगांव नगर पंचायत क्षेत्र के लोग विगत कई वर्षों से प्रशासन से अपने मालिकाना की मांग करते आ रहे हैं। विषम परिस्थितियों में भी लमगांव बाजार के व्यापारियों ने कोरोना काल हो या आपदा की घड़ी में हो पूरी ईमानदारी के साथ प्रताप नगर क्षेत्र के पट्टी उपली, रंगोली रोणद रमोली, पट्टी भदुरा, पट्टी रेका और उत्तरकाशी जनपद की पट्टी गाज़णा पट्टी की जनता के साथ हमेशा खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया पूरी करते हुए बाईपास रोड का निर्माण शीघ्र किया जाए। ऐसा ना होने पर कांग्रेस पार्टी स्थानीय व्यापारियों, मकान मालिकों के साथ पार्टी पूरी तरह खड़ी है और उनके हर आंदोलन में पूरा साथ दिया जाएगा।

# नहीं बनी सड़क, वर्तमान विधायक का घेराव पूर्व प्रत्याशी ने सड़क निर्माण का दिया आश्वासन

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बगहा विधानसभा के बगहा–1 प्रखंड अंतर्गत पंचायत राज नाडा के नाडा चौक से भैरोगंज जाने वाली मुख्य सड़क पिछले लगभग 15 वर्षों से जर्जर स्थिति में है इस सड़क से लोगों को आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस सड़क के बारे में आम जनता को फेसबुक और सोशल मीडिया के माध्यम से वर्तमान विधायक श्री राम सिंह के द्वारा बताया गया था की, फरवरी 2023 से नड्डा चौक से भैरोगंज मुख्य सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दी जाएगी परंतु अप्रैल माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर स्थानीय आक्रोशित लोगों द्वारा वर्तमान विधायक श्री राम सिंह का घेराव शनिवार को किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा श्री विधायक से निर्माण कार्य शुरू नहीं होने का कारण पूछा जिसमें उन्होंने कहा कि मैं वरीय पदाधिकारियों से बात किया तो उनके द्वारा बताया गया था की नड्डा से भैरोगंज जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य फरवरी 2023 से शुरू कराया जाएगा जिसको मेरे द्वारा फेसबुक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा की गयी थी जब मार्च तक काम शुरू नहीं कराया गया तो मैंने पुनः संबंधित अधिकारियों से बात की और समय से काम पुरा नही कराने पर हाई कोर्ट तक जाने की बात की जिसको सुनकर स्थानीय लोग उनकी बातों से क्षुब्ध होकर स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व प्रत्याशी श्री जयेश मंगल सिंह को बगहा प्रखंड एक के पंचायत राज नाडा से भैरोगंज जाने वाली मुख्य सड़क की दुर्दशा को दिखाते हुए पहल करने की निवेदन किए जिस पर कांग्रेस प्रत्याशी श्रीजेश मंगल सिंह ने संबंधित वरीय पदाधिकारियों से बात करते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य को शुरू कर पूरा कराने की बात कहते हुए स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया



# राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट ने पीड़ित कोमल सैनी बागपत की समस्या को लेकर बैठक की

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

दिनांक 7/5/2023 को शामली लाजपतराय पर मधु सैनी राष्ट्रीय अध्यक्षा के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें में मधु सैनी राष्ट्रीय अध्यक्षा ने कहा कि आज भी महिलाओ को पीड़ित किया जा रहा है । दहेज प्रथा बंद होने का नाम नहीं ले रही है। 1 वर्ष शादी होने के बाद लड़की को उसके घर छोड़ दिया जाता है । लड़की के माता–पिता से दहेज लेने का सौदा होता है। संगीत वर्मा राष्ट्रीय सचिव ने कहा की लड़की के माता–पिता लड़के वालों की डिमांड पुरी नहीं कर पाते तो लड़की को अपने माता–पिता का सहारा लेना पड़ता है। फिर लड़की महिला थाने की मदद लेने की कोशिश करती है। फिर महिला थाने में तारीखो का दौर शुरू होता हैं। महिला थाने में बैठी अधिकारी प्रयास बहुत करती है कि आपसी शान्तिपुर्ण सहमति बन जाए लड़की अपने ससुराल वापिस पहुंचे मगर कुछ लोग सहमति नहीं होने में विघन पैदा करने में आगे रहते हैं लेकिन ऐसे लोगों पर महिला थाने की अधिकारी महोदया को ध्यान देना चाहिए। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है शामली जनपद के गड़ी पुख्ता का कोमल बागपत का जो बिना किसी कारण अपने माता–पिता के घर पर ही रहकर ही अपने ससुराल जाने का इंतजार कर रही है। कोमल बागपत की शादी मात्र 1 महिना ही हुआ था शादी को करीब आज 2 वर्ष बीत चुके है कोमल सैनी गांव खिदोडा अमीननगर सराय जलि़ा बागपत की शादी 9/5/2021 को बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई थी । मगर लड़की को लड़के ने ओर उसके रिश्तेदारो मारपीट कर जान से मारने का प्लान कर रहे थे तभी मोहल्ले वासियों ने लड़की के माता–पिता को इस घटना की जानकारी दी तभी माता–पिता कोमल के ससुराल गड़ी पुख्ता पहुंचे तभी आपने साथ लेकर आएं तब से आज तक अपने माता–पिता के साथ रह रही है।

लड़की की जान बचा कर अपने साथ ले गए उल्टा लड़की पर कोर्ट में केस दर्ज कर डाला ।

लड़की के साथ लड़के वालों ने एक झुठ छिपाकर रखा लड़के की यह दूसरी शादी है पहली वाली पत्नी को भी बहुत दुखी रखा गया था इसकी जानकारी कोमल बागपत को शादी होने के बाद पता चला। ऐसे लड़कों पर कानुन को भी सख्त होना चाहिए समाज को खोखला करने का काम कर रहे हैं ऐसे लड़के। राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट कोमल सैनी बागपत की मदद करने के लिए आगे आएगी । रेखा सैनी राष्ट्रीय उपसचिव ने कहा की राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट एक और योजना महिला रोजगार की चलाई जा रही है। महिलाएं घर पर ही रोज़गार कर सके जैसे सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, खाने पापड़, पैकिंग का सामान, धागे खोलना, अन्य सामग्री जिसकी




मार्किट में अच्छी खासी शेल हो । सभी महिलाओं पदाधिकारियों ने समाजहित के लिए अपने विचारो से अवगत कराया । बैठक में मधु सैनी राष्ट्रीय अध्यक्षा, संगीता पाल राष्ट्रीय महासचिव, वर्मा राष्ट्रीय सचिव, रेखा सैनी राष्ट्रीय सचिव, पुजा कौशिक जिलाध्यक्ष, अंजली बंसल जलि़ा उपाध्यक्ष, रेशमा जिला महामंत्री, हेमा सैनी जलि़ा सचिव, बेबी कश्यप प्रमुख समाजसेवी, सोनिया पांचाल जलि़ा सचिव, सुदेश पांचाल वरिष्ठ महिला, वर्षा सैनी, रेखा शर्मा वरिष्ठ महिला, सीमा सैनी ,कोमल बाल्मिकी शामली,मुनेश सैनी , लता सैनी , आदि मौजूद रहीं।

# नौ वर्षो से देश में जुमलेबाजी करने वाली फर्जीवाड़ा सरकार: कांग्रेस

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू , पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, अमरजीत कुमार, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम, अहमद रजा खान, खालिद अमीन, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार आदि ने कहा की प्रत्येक देशवासियों के बैंक खाते में पंद्रह लाख देने, प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगारों को नौकरी देने सहित तरह, तरह के प्रलोभन देकर सत्ताशीन हुई मोदी सरकार विगत नौ वर्षो से केवल जुमलेबाजी कर फर्जीवाड़े की सरकार चला रही है, जिससे आमजन बाखूबी समझने लगे है।

नेताओ ने उपर्युक्त बातें कल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी द्वारा कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान यह कहा गया की नौ वर्ष पहले भारत में घुटना टेक सरकार थी, जो पूरी तरह जुमलेबाजी एवम् फर्जीवाड़ा वाला बयान है।

नेताओ ने कहा की शायद नड्डा साहब यह भूल गए या उन्हें जानकारी नहीं है की भारत में इतिहास ही नहीं बल्कि भूगोल बदले वाली लौह महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी जी ने पाकिस्तान का सीना चीर बंगलादेश को आजाद कराने का काम की थी,तो विश्व के आथिक सुधारो के प्रणेता कहे जाने वाले डा मनमोहन सिंह, जिसे संपूर्ण विश्व आर्थिक जानकारी की लोहा मानती है उन्होंने भारत को विश्व के विकसित देशों की श्रृंखला





में लाने का काम किया, तथा भारत को उन्नत तथा हाईटेक बनाया। नेताओ ने कहा की देश के प्रथम प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरु, जय जवान, जय किसान के नारे को जन, जन में पहुंचाने वाले गुदरी के लाल, सादगी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, मिस्टर क्लीन के नाम से संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध, देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ,जिन्होंने 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मताधिकार का अधिकार दिलाने, पंचायती राज को घर, घर जन, जन में पहुंचाने, हर दिल अजीज , इंदिरा गांधी जी को दुर्गा कहने वाले, राजीव जी को अपना जान बचाने वाले कहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को शायद नड्डा साहब भूल गाए।

नेताओ ने कहा की मोदी भक्ति, तथा अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में नड्डा साहब इतना लीन हो गए की उन्हे प्रधानमंत्री मोदी जी के अलावे देश के पहले के यशश्वी , कर्मयोगी, विकासशील, लोकप्रिय, जनप्रिय , ईमानदार प्रधानमंत्रियों के योगदान, प्रसिद्धि, ताकत को भूल गए।

नेताओ ने कहा की आज देश में बढ़ती हुई कमरतोड़ मंहगाई, चरम सीमा पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला, जैसे जमीनी मुद्दो को मोदी सरकार जुम्लेबाजी, फर्जी धर्मवाद, छद्म राष्ट्रवाद जैसे बनावटी बाते कर देशवासियों को गुमराह कर रही है, जिसे लोग अच्छी तरह समझ रहे है।

नेताओ ने कहा की आज देश के पूर्वोत्तर राज्य मेघालय जल रहा है, जहां 54 लोगो की मौत हो चुकी है, विगत एक सप्ताह में जम्मू कश्मीर में दस सैनिक शहीद हो गए है, परंतु देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर एक शब्द भी बोलना अभी तक मुनासिब नहीं समझा, उल्टे कर्नाटक में चुनाव प्रचार में भगवान हनुमान की तुलना बजरंग दल से करने, कांग्रेस पार्टी के नेताओ कार्यकर्ताओं के बारे में अनर्गल बयानबाजी करने, कांग्रेस के लोकप्रिय जनप्रिय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के गरीबी हटाओ नारे को फर्जीवाड़ा कहने में मशगूल है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## प्रिय साथियों

सूचित किया जाता है की दिनांक 08/05/2023 को 11:30 बजे दिन से जिला कांग्रेस पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री सुनिल गुप्ता जी के नेतृत्व मे शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल मुजफ्फरपुर मे केन्द्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ ओलंपिक खेलने बाली बेटीयो के समर्थन मे एक दिवसीय धरना सह प्रदर्शन एवं 4:00 बजे टावर चौराहा पर प्रधानमंत्री जी का पुतला दहन कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। जिसमे नगर विधायक श्री विजेंद्र चौधरी जी, एवं जिला कांग्रेस के सम्मानित अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार मुकुल जी उपस्थित रहेगें। आप तमाम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण,प्रदेश प्रतिनिधि गण, जिला कांग्रेस के सम्मानित पदाधिकारी गण,सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण, सभी प्रखण्ड के अध्यक्ष गण एवं सम्मानित कार्यकर्ताओं साथियों से अनुरोध है कि शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल मुजफ्फरपुर मे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें!

-अरविंद कुमार मुकुल, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर बिहार

# प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी ने कर्नाटक के चुनाव नतीजों का सेहरा अपने सिर ले लिया है

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी ने कर्नाटक के चुनाव नतीजों का सेहरा अपने सिर ले लिया है। वे लगातार रोड शो कर रहे हैंझसिर्फ सत्ता की ताकत और चकाचौंध को दिखाने के लिए। बाकी बताने, दिखाने को झूठ के सिवा और कुछ भी नहीं। उनके भाषण बेअसर हो रहे हैं, उस भ्रष्टाचार के आगे जो 40% वाली सरकार के रूप में राज्य की 150 ग्रामीण सीटों पर लोगों की जुबान पर है। कर्नाटक के लोगों को इस कदर लूटने के बाद भी प्रचार के ये जतन सिर्फ मोदी ही कर सकते हैं। सवाल उस डेढ़ लाख करोड़ का है, जो कांग्रेस की लिस्ट के मुताबिक लूटकर दिल्ली ले जाया गया। भारत के



भीतर भी एक ईस्ट इंडिया कंपनी है। कर्नाटक ही क्यों, हर डबल इंजन सरकार में लूट तंत्र का आखिरी छोर इसी कंपनी पर है। कर्नाटक के स्थानीय अखबारों ने कल पहले पेज पर कांग्रेस के विज्ञापन को छापा। विज्ञापन में दलाली की रेट लिस्ट थी। उत्तर भारत के अखबारों से येदियुरप्पा, बोम्मई सब गायब हैं। बीजेपी के भीतर सवाल उठ रहे हैं कि नहीं जीत पाए तो क्या होगा। कर्नाटक वह ताश का पत्ता है, जो ढहा तो ताश का पूरा महल अगले साल तक गिर जाएगा। मोदी जी हिन्दू मुस्लिम का कार्ड छोड़ कर कर्नाटक में आपकी सरकार के द्वारा किए गए काम पर वोट मांगिये विकास रोजगार मंहगाई के मुद्दे पर चर्चा करिये

# दिल्ली विश्वविद्यालय में आज प्रशासन जिस तरीके से दोहरी मानसिकता का प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा है वह बहुत ही असहजता का प्रतीक

पटना । कांग्रेस दर्पण

दिल्ली विश्वविद्यालय जो कि हमेशा से स्वतंत्र विचारों, अकादमिक और शैक्षिक चर्चाओं का स्थान रहा है, जिस विश्वविद्यालय ने देश और दुनिया को उच्च स्तरीय राजनेता और हर विधा में पारंगत व्यक्तित्व प्रदान किए हैं, उसी दिल्ली विश्वविद्यालय में आज प्रशासन जिस तरीके से दोहरी मानसिकता का प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा है वह बहुत ही असहजता का प्रतीक बनता जा रहा है। अभी हाल ही में जब राहुल गाँधी दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रावास में छात्रों से मिले और उनके साथ दोपहर के भोजन पर वार्तालाप किया तो दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन उसको निरंतर गलत बताता है, प्रशासन इसको ऐसा रूप दे रहा है जैसे एक गुनाहगार दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच उपस्थित हो गया। वहीं दूसरी ओर हम देखते हैं कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अंदर सरकार की विचारधारा के लोग जब बाहरी लोगों के साथ परिचर्चा करते हैं, वार्तालाप करते हैं, बड़े बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, सेमिनार और कॉन्फ्रेंस होते हैं तो पूरा दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन इसमें संलिप्त होता है और उसकी समुचित तरीके से वाहवाही और प्रचार प्रसार किया जाता है।

जबकि यह कितना उचित है कि विश्वविद्यालय जो कि स्वतंत्र चर्चा का केंद्र होते हैं जो कि व्यक्तित्व को विकसित करने में, हर प्रकार की विचारधाराओं को स्वतंत्र रूप से समझने और समलोचित करने में, विभिन्न राज्यों के छात्रों के एक जगह मिलने से, एक मंच पर बैठने से, खुली मानसिकता का विकास होता है, जो कि देश के संपूर्ण विकास के लिए मददगार साबित होता है। ऐसे में ही एक विश्वविद्यालय के अंदर छात्रों के बीच में विचारधाराओं के बंदरबांट को स्थान देना, और राजनैतिक रूप से दोहरी मानसिकता को दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों के बीच में प्रस्तुत किया जाना, छात्रों के मध्य विभाजन का रूप ले रहा है।



वाइस चांसलर महोदय से अनुरोध है कि तुरंत संज्ञान लेते हुए अपने प्रशासनिक पदाधिकारी को यह आदेश दें कि छात्रों के बीच में कृतिम रूप से रोष उत्पन्न न किया जाये, साथ ही साथ पदाधिकारियों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय विश्व पटल पर अपनी एक छवि रखता है, और ये छवि दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वतंत्र परिचर्चा वाले माहौल की वजह से ही है, तथा इस शिक्षा के प्रांगण में हर किसी को बोलने, लिखने, पढ़ने मिलने, बात करने की पूर्ण आजादी है, न कि सिर्फ किसी एक एजेंडे के तहत मुद्दों पर बात करने की। आज के समय अगर सरकार या विश्वविद्यालय प्रशासन के मनमुताबिक विषय पर बात करना चाहते हैं, तो उसमें प्रशासन का समर्थन आसानी से मिल जाता है, परंतु वहीं अगर सामाजिक मुद्दों पर जैसे बेरोजगारी, भ्रष्टाचार आदि पर बात करना चाहें, तो प्रशासन बहुत अधिक रुचि नहीं लेते हुए कार्यक्रम को स्थगित करके का उपाय बनाने लगता है। जबकि इसके स्थान पर यह होना चाहिए कि विश्वविद्यालय के अंदर किसी भी राजनेता का प्रशासन द्वारा राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। विश्वविद्यालय का प्रांगण हर एक राजनेता के लिए, हर एक विचारधारा के लिए खुला होना चाहिए ताकि पक्ष और विपक्ष दोनों ही पहलुओं से, आर्थिक, राजनैतिक मुददे जो कि देश के लिये बहुत आवश्यक है, उन मुद्दों पर बहु तार्किक और समायोजित विश्लेषण हो सके।

विश्वविद्यालय प्रशासन को शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों और शोधार्थियों, साथ ही साथ शिक्षकों के समुचित विकास के लिए राजनैतिक भावना से परे जाकर स्वतंत्र मानसिकता का परिचय देना चाहिए और दिल्ली विश्वविद्यालय को निरंतर नई उंचाइयों पर पहुंचाने का प्रयत्न करना चाहिए। इस समय जब दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी सौंवी वर्षगाँठ शताब्दी मना रहा है तो ऐसे समय पर कोई भी राजनैतिक विरोधाभास विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ना उत्पन्न किया जाए, और छात्रों को, शोधार्थियों को, शिक्षकों को स्वतंत्र चिंतन का माहौल प्रदान किया जाए, ऐसे प्रयास निरंतर किए जाने चाहिए।

**आशीष रंजन सिंह**
**इतिहासकार व् शोधकर्ता**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**



# अर्धशतक 50वीं वार किया रक्तदान

पटना । कांग्रेस दर्पण

वित्तीय वर्ष 2022 23 में लगातार चार बार रक्तदान कर दिया मानवता का मिसाल । कांग्रेस सेवादल के प्रशिक्षक प्रदेश प्रतिनिधि डॉ राजीव कुमार काजू ने वित्तीय वर्ष 2022 23 मई 4 बार रक्तदान करते हुए कहा कि – रक्तदान महादान है प्रत्येक स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान करना चाहिए जिससे कि रक्त की कमी से जीवन मौत से जूझ रहे जरूरतमंदों को जीवन दान मिल सके। सेवा ही संकल्प हमारा का नारा देते हुए 1 जनवरी 2001 को अपने जन्मदिन पर रक्तदान कि शुरुआत किया था और प्रतिवर्ष पहली जानकरी को अनिवार्य रूप से रक्त दान करता हू, जरूरत के हिसाब से जरूरतमंदों की सेवा में अभी दो बार तो कभी चार बार भी रक्तदान करता हूं और अपने उम्र से ज्यादा 50 वी वार रक्तदान करते हुए सुखद अनुभूति महसूस कर रहा हू। रक्तवीर डॉ काजू द्वारा 50 वी बार रक्तदान करने पर रक्त दाता समूह रक्त क्रांति के जनक अतुल कुमार डॉ राजेश सुमन डॉ संजय वर्मा अमित वर्मा नीरज गोयनका संजय गुप्ता डॉ प्रतिमा आनंद डॉ अभिषेक कुमार डॉ प्रीति संदीप डालमिया नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा समाजसेवी रेखा देवी प्रीति कुमारी प्रशांत सेवा दल के अध्यक्ष आलोक कुमार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रितेश रमन सिंह अधिवक्ता राम हिर्दय मनमोहन कौशिक डॉ वरुण कुमार डॉ प्रमोद कुमार डॉ राजन पांडे डॉ श्रवण चौधरी डॉ अभय दास डॉ रजनीश डॉ जे के सिंह ना कर राहुल दुबे, सहित दर्जनों लोगों ने 50 वी बार रक्तदान करने के लिए डॉ राजीव कुमार काजू को बधाई देते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्य करते हुए मुहिम सेवा है संकल्प हमारा को सिद्ध किया स्वयं तो रक्तदान करते ही हैं अपने इष्ट मित्रों और आम जनों को भी प्रेरित कर रक्तदान करवाते रहते हैं जनसेवा का का माध्यम ब्रह्मर्षि सेना के रूप में हो या लायंस क्लब बेस्ट के रूप में कांग्रेस सेवादल में प्रशिक्षक की भूमिका में युवाओं को प्रशिक्षण देकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हैं इनसे प्रेरणा लेते हुए युवाओं को बढ़–चढ़कर रक्तदान महादान में हिस्सा लेने चाहिए जिससे कि स्वय का शरीर स्वस्थ और निरोगी काया के साथ–साथ जरूरतमंदों को जीवनदान मिल सके।



# कांग्रेस सेवादल अंबाला छावनी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार जी की अध्यक्षता में आज से हाथ जोड़ो व पद ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन



राकेश राणा । कांग्रेस दर्पण


आज दिनांक 07 /05/ 2023 दिन रविवार को कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डिकर  की जयन्ती के अवसर पर कांग्रेस सेवादल अंबाला छावनी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार जी की अध्यक्षता में आज से हाथ जोड़ो व पद ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पूनम चौहान जी ने तिरंगा झंडा करा कर और स्वर्गीय डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डिकर जी को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की डॉक्टर पूनम चौहान जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हरियाणा प्रदेश में मजबूत



स्थिति में है और अगली सरकार हरियाणा में कांग्रेस की ही होगी आप सभी कार्यकर्ताओं को धरातल पर मजबूती से काम करना होगा ! साथ ही कांग्रेस सेवादल के सभी नव चयनित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएं और विश्वास जताया कि वे सब अपनी दी गई जिम्मेदारियों पर खरा उतरेंगे। जिसमें अजय कुमार शाक्य और पंकज शर्मा को उपाध्यक्ष, भूपिंदर अत्री को सोशल मीडिया प्रभारी, विजय कुमार उप्पल को महासचिव, देवेंद्र चौहान को संयोजक, रवि वैश् को कोषाध्यक्ष, नरेश गर्ग और अमरनाथ को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा दर्जन से ज्यादा लोगों ने कांग्रेस सेवा दल का दामन थामा इस मौके पर कांग्रेस सेवादल महासचिव अर्जुन धीमान, युवा सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह, महिला सेवादल प्रदेश महासचिव अनीका शुक्ला शर्मा व स्थानीय नेता अशोक जैन हीरालाल यादव, वीणू अग्रवाल, सुधीर जायसवाल, सतीश कनौजिया, मोहित शाक्य आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी के निर्देशानुसार आज स्वर्गीय डॉ एन एस हार्डीकर जी संस्थापक सेवादल की जयंती को पूरे प्रदेश में हरियाणा कांग्रेस महिला सेवादल पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया व उनके जीवन पर सेवादल की नीतियों पर प्रकाश डाला।**




INDIAN NATIONAL CONGRESS
KERALA PRADESH
CONGRESS COMMITTEE
LEADERS MEET '23
On 9th & 10th May 2023
at Saptha Resort and Spa, Sulthan Bathery, Wayanad
TARIQ ANWAR
AICC GENERAL SECRETARY
K. Sudhakaran MP
(KPCC President)
DELEGATE

# कर्नाटका चुनाव 13 मई भाजपा गई

इंजीनियर मोहिउद्दीन खान





भाजपा की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान, कर्नाटका की जनता ने सच्चाई का साथ है इसलिए कांग्रेस की मेहनत लाएगी रंग

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा इस प्रकार है

बीजेपी शासित कर्नाटक के अंदर मुद्दों की कोई कमी नहीं है। करप्शन, महंगाई, बेरोजगारी ने आम लोगों के जीवन को दयनीय बना दिया है। बीजेपी के मंत्री और विधायक किसी भी इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम के लिए 40 फीसदी कमिशन लेते हैं। शर्मनाक तरीके से वे अपने लालच को पूरा करने के लिए आम लोगों को लूट रहे हैं। कुकिंग तेल, सब्जी आदि की कीमत देखें। युवाओं को बेहतर नौकरी देने में विफल रही है बीजेपी सरकार। ऐसे में कांग्रेस के सामने आम लोगों की जिंदगी से जुड़े कई मुद्दे हैं जिन पर कांग्रेस हिम्मत से चुनाव लड़ रही है ।कर्नाटक चुनाव में इस बार काम नहीं करेगा 'मोदी फैक्टर

भाजपा के पास कर्नाटक के लिए कोई एजेंडा और विजन नहीं है, इसलिए इस बार के विधानसभा चुनाव में 'मोदी फैक्टर' काम नहीं करेगा। लोग कांग्रेस में विश्वास रखते है । और कांग्रेस को वोट देंगे।

इस बार दक्षिण में इखढ का इकलौता किला भी हो जाएगा ध्वस्त !

भाजपा की जाति आधारित राजनीति को जनता ने नकारा इसलिए मतदान से पहले ही भाजपा की हार हो गई सुनिश्चित? कर्नाटक में मतदान का समय जितनी तीव्र गति से पास आते जा रहा है, उतनी ही तेज़ी से भाजपा की चुनाव जीतने की उम्मीदें भी समाप्त होती हुई नजर आ रही है। पार्टी के बड़े और कद्दावर नेता, पार्टी को बीच मझधार में छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम रहे है। भारतीय जनता पार्टी की छवि दिन प्रति दिन अलग–अलग कारणों की वजह से धूमिल होती हुई दिखाई पड़ रही है जिसे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक भी बचा नही पा रहा है। यह सब घटनाएं कोई हालही में होने वाली नही है, इससे पहले जनवरीझफरवरी माह में भी एक खबर सामने आई थी जिसमे बताया गया था कि भाजपा के 500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस  में शामिल हो गए थे। भाजपा की यह दशा देख उत्तर में बैठे भाजपा के समर्थक और अन्य आम जन के मन में यह सवाल आ रहा है कि क्या भाजपा ने मतदान से पहले ही हार मान ली है

## लिंगायत समाज की नाराज़गी

भाजपा लगभग दो दशकों से लिंगायत समुदाय समर्थन का फायदा हर चुनाव में उठा रही थी लेकिन चुनाव से पहले लिंगायत समाज उनसे खफा नजर आ रहा है। भाजपा ने अपने उत्तर कर्नाटक के दो प्रमुख लिंगायत नेता पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावद  को भी खो दिया है। भाजपा, पंचमसाली लिंगायत समुदाय की आरक्षण मांग को संभालने में भी सफल नहीं रही थी। बताया जा रहा है की राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के लिए लिंगायत समाज से सबसे बड़े नेता बी.एस येदियुरप्पा  का सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना भाजपा के खिलाफ लिंगायत विरोध का कारण बना है।

बीजेपी के हाथ से निकला चुका है कर्नाटक

एबीपी न्यूज–सी वोटर के इस सर्वे में दक्षिण का एकमात्र दुर्ग बीजेपी के हाथ से फिसलता दिखाई दे रहा है. सर्वे में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलने का पूरा अनुमान लगाया गया है. सर्वे में कांग्रेस को बहुमत से ज्यादा सीट मिलती दिखाई गई है. राज्य में 224 विधानसभा की सीटें हैं. यानी कांग्रेस अकेले दम पर बहुमत पाती नजर आ रही है. कांग्रेस को 40.1 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है।

सत्ताधारी बीजेपी को 50 से कम सीटें मिलती दिखाई गई हैं. बीजेपी का वोट शेयर 30 फीसदी रहने का अनुमान है. इस तरह देखें तो बीजेपी के लिए सरकार बनाने की संभावना काफी दूर होती जा रही है. राज्य में एक तीसरी प्रमुख पार्टी जेडीएस को भी इतनी सीट नहीं मिल रही है कि बीजेपी उसके साथ मिलकर सरकार बना सके. जेडीएस तो 23–35 सीट मिलने का अनुमान है.  भारत के नक्शे पर कर्नाटक की भौगोलिक स्थिति के चलते इसे दक्षिण का प्रवेश द्वार कहा जाता है. यह राज्य दक्षिण के राज्यों तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु से सीमाएं साझा करता है. इसके साथ ही यह इकलौता राज्य है जहां बीजेपी की सरकार बनी थी चुकी है। इसे बीजेपी का दक्षिण का दुर्ग कहा जाता है लेकिन सर्वे के नतीजे बताते हैं कि बीजेपी का ये दुर्ग इस बार ढहने वाला है। कांग्रेस भारी बहुमत हासिल कर सरकार बनाने वाली है कर्नाटक के लोग 10 मई को बता देंगे नफरत हारता है प्यार जीतता है कर्नाटक में निर्णायक हार से शुरू होगी दक्षिण भारत से बीजेपी की विदाई ।



"BJP के लोग धमकी देते है, मुझे मारना भी चाहते है, अगर आप लोग मरवाना चाहते हो तो मरवा दो, लेकिन मैं डरूंगा नही" – कांग्रेस अध्यक्ष Mallikarjun Kharge जी



प्रधानमंत्री जी 'प्रचार मंत्री' बन गए हैं। आज जिस प्रकार से नार्थ ईस्ट जल रहा है, सीमा पर हमारे जवान शहीद हो रहे हैं, उनके लिए ढट के पास एक शब्द नही है। प्रधानमंत्री प्रचार भी सिर्फ अपना ही कर रहे हैं और उसी आधार पर वोट मांग रहे हैं।

: Bhupesh Baghel जी, CM छत्तीसगढ़